## मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी।

विज्ञप्ति संख्याः147/नियुक्ति/मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण/2025    दिनांकः 15.07.2025

::विज्ञप्ति::

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी में सहायक लेखाकार के पद के लिए उ0प्र0 शासन द्वारा पूर्णकालिक स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति से पद भरे जाने तक के लिये उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 676/तीस–3–2019 परिवहन अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 09.03.2019, शासनादेश संख्या 1324/तीस–3–2019 परिवहन अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 26.07.2019 एवं व उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या एम0 ए0सी0टी0–73/30–3–2020 परिवहन अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 25.02.2020 के प्रकाश में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी में दिनांक 31.07.2025 के उपरान्त होने वाले रिक्त पद (सहायक लेखाकार) के पद पर विभिन्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अन्तर्गत नियुक्ति की जानी है जिसके लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पद का विवरण निम्नवत् है:–

| पद का नाम | पद की संख्या | नियोजन की प्रकृति |
|---|---|---|
| सहायक लेखाकार | 01 | सेवा निवृत्त कर्मचारियों से संविदा के आधार पर। |

इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र दिनांक 26.07.2025 तक कार्यालय मोटर दुर्घटना अधिकरण, पावर हाउस कालौनी, चन्दौसी पर डाक द्वारा प्रषित कर सकते हैं या स्वयं कार्यालय के आशुलिपिक को प्राप्त करा सकते हैं। दिनांक 26.07.2025 को सायंकाल 5.00 बजे के पश्चात् कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नियुक्ति के सम्बन्ध में अनिवार्य शर्ते व विवरण निम्नवत् है:–**

1 सहायक लेखाकार के पद पर नियोजित कर्मचारी की संविदा के आधार पर नियुक्ति की जायेगी। संविदा कर्मचारी को उपरोक्त शासनादेशों के कम में अंतिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो) को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर वेतन देय होगा। अतएव् आवेदक सेवा निवृत्त कर्मी अपने आवेदन–पत्र के साथ पेंशन प्राधिकार–पत्र/पी0पी0ओ0 की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करेंगे।

2 आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को कम्प्यूटर संचालन–यू0पी0कोष पोर्टल पर वेतन बिल तैयार करना, पोर्टल पर टोकिन जारी करना, वर्ड फाइल, एक्सिल शीट, पी0डी0एफ0 फाइल निर्मित करना, मर्ज करना एवं ई–मेल को खोलना, ई–मेल प्रेषण करना, पत्रों की पी0डी0एफ0 एवं एक्सिल शीट को न्यायालय की वैबसाईट पर अपलोड करना व टंकण का ज्ञान होना अति अनिवार्य है। न्यायालय से सेवा निवृत्त कर्मी को प्राथमिकता दी जायेगी।

3 यह पुनर्नियुक्ति, सेवानिवत्त कर्मी के पूर्व कार्यवृत्त अभिलेख एवं चरित्र–पंजिका में अंकित वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि व व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपयुक्तता एवं वरीयता के आधार पर की जायेगी। सेवानिवृत्त आवेदक/सेवानिवृत्त कर्मी अपने आवेदन–पत्र के साथ पूर्ववर्ती 05 वर्षो में चरित्र पंजिका में अंकित वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करेंगे।

4 इस पुनर्नियुक्ति हेतु सेवा निवृत्त कर्मी अपने आवेदन पत्र के साथ इस आशय का नोटरी शपथ–पत्र कि उनके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद लम्बित नहीं है और न ही कभी उन्हें किसी आपराधिक मामले में दण्डित किया गया है, संलग्न करेंगें।

5 आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

6 उपरोक्त शासनादेश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी के सहायक लेखाकार के पास इच्छुक अभ्यर्थियों को अवलोकनार्थ उपलबध हैं।

7 उपरोक्त शासनादेशानुसार उपरोक्त नियुक्ति पूर्णतया अस्थायी व्यवस्था के तहत् संविदा के रूप में की जायेगी और यह शासन स्तर पर प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण से पद भरे

जाते ही अथवा सम्बन्धित नियुक्त कर्मचारी के कार्य एवं आचरण सन्तोषजनक न होने की स्थिती में नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी।

8 आवदेक अपने मूल परिपत्रों सहित व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु दिनांक 29.07.2025 को सायं 04.30 बजे समिति के समक्ष मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी के विश्राम कक्ष में उपस्थित होंगे।

इस विज्ञप्ति को सूचनार्थ जिला न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी एवं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी के सूचना पट पर प्रदर्शित किया जाये।

15.7.2025

दिनांकः 15.07.2025
स्थान–चन्दौसी।

(प्रदीप कुमार-V)
पीठासीन अधिकारी
नियुक्ति प्राधिकारी/मोटर दुर्घटना दावा
अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी।

पृष्ठांकन संख्याः 147/नियुक्ति/मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण/2025 दिनांकः उक्त।
प्रतिलिपिः–

1. नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर, जजशिप, सम्भल स्थित चन्दौसी को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
1. जिला सूचना अधिकारी जनपद सम्भल को दैनिक समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।
2. सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), सम्भल, सचिव/संयोजक, जिला स्तरीय चयन समिति जनपद–सम्भल को सूचनार्थ एवं आ0का0 हेतु प्रेषित।

15.7.2025

दिनांक15.07.2024
स्थान–चन्दौसी।

(प्रदीप कुमार-V)
पीठासीन अधिकारी
नियुक्ति प्राधिकारी/मोटर दुर्घटना दावा
अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी।

:: आवेदन का प्रारूप :

स्व हस्ताक्षरित
पासपोर्ट साइज
का नवीनतम् फोटो
चस्पा करें।

.....................................पद हेतु आवेदन पत्र

1–आवेदक का नाम:

2–पिता का नाम :

3–जन्म तिथि :

4–आवेदन के दिनांक को आयु.:

5–अन्तिम धारित पद एवं वेतनमान:.

6–सेवा निवृत्ति का दिनांक:
(पेंशन प्राधिकार–पत्र./पी.पी.ओ. की स्वहस्ताक्षरित
छाया प्रति संलग्न करें)

7–स्थाई पता:

8–पत्राचार का पता:.

9–ई–मेल आई0डी0 ..........................................................................................

10–मोबाइल नम्बर.................................................

11–सेवा निवृत्त कार्यालय से सेवा निवृत्त आवेदक की पूर्ववर्ती 05 वर्षो की
गोपनीय प्रविष्टि का विवरण :
(स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करें)

12–क्या आपको अपने पूर्ण सेवाकाल में कभी प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है, लघु व दीर्घ दण्डात्मक कार्यवाही से दण्डित किया गया है, यदि हां तो विवरण:–
(नोटरी शपथ–पत्र संलगन करें)

13–आधार नम्बर (स्व हस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करें)................

14–पैन नम्बर (स्व हस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करें) .................

दिनांक: (आवेदक के हस्ताक्षर)

:: घोषणा पत्र::

मैं प्रमाणित करता हूं कि वर्तमान में पूर्ण रूप से स्वस्थ और दिये जाने वाले राजकीय कार्य को करने में सक्षम हूं। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अवलोकन कर लिया है, जो मुझे स्वीकार है। आवेदन में अंकित समस्त विवरण तथा संलग्नक सही एवं सत्य हैं तथा मेंरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि कोई सूचना गलत या झूठी पाई जाती है, तो उसका पूर्ण दायित्व मेरा होगा और इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कोई कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।

दिनांक: (आवेदक के हस्ताक्षर)